nandgaon times jan-22-3.qxd 1/21/2026 10:52 PM Page 1




शहीद रामाधीन गोंड़ के 87वें शहादत... पृष्ठ 2 | बिरेतरा में 6 दिवसीय क्रिकेट... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




गुरूवार, 22 जनवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 101, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## विष्णु कैबिनेट ने आबकारी नीति से लेकर शिक्षा स्टार्ट-अप और स्वास्थ्य सेवाओं पर लिए अहम फैसले

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2026–27 के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और इससे संबंधित सभी अनुषांगिक कार्यवाहियों के लिए विभाग को अधिकृत किया गया। मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर में उच्च कोटि के शैक्षणिक संस्थान की स्थापना के लिए विले पारले कलावनी मंडल को सेक्टर–18 में लगभग 40 एकड़ भूमि 90 वर्षों की लीज पर एकमुश्त आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की। इस भूमि पर नरसी मोंजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान की स्थापना की जाएगी। वर्ष 1934 से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत एसवीकेएम वर्तमान में देशभर में 30 शैक्षणिक संस्थान संचालित कर रहा है, जहां प्रतिवर्ष एक लाख से अधिक छात्र प्री–प्राइमरी से लेकर डॉक्टोरल कार्यक्रमों तक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2025 की एनआईआरएफ यूनिवर्सिटी रैंकिंग में संस्था को 52वां स्थान प्राप्त हुआ है। नवा रायपुर में इस संस्थान की स्थापना से राज्य में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी।बैठक में नवा रायपुर अटल नगर में चार नए उद्यमिता केंद्र स्थापित करने के लिए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (स्ञ्जक्कढ्ढ) के साथ एमओयू करने का निर्णय भी लिया गया। इस पहल से राज्य में आईटी, आईटीईएस उद्योग और तकनीकी स्टार्ट–अप इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान में एसटीपीआई के देशभर में 68 केंद्र संचालित हैं, जिनमें से 60 टियर–2 और टियर–3 शहरों में स्थित हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से एसटीपीआई एआई, मेडटेक (हर्बल मेडिसिन और वन उत्पाद आधारित), स्मार्ट सिटी और स्मार्ट एग्री जैसे क्षेत्रों में आगामी तीन से पांच वर्षों में 133 डोमेन–विशेष स्टार्ट–अप्स को प्रोत्साहित करेगा। इसके साथ ही राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं विकास (श्वस्ठ्ठ) केंद्र की स्थापना की जाएगी, जो प्रतिवर्ष 30 से 40 हार्डवेयर स्टार्ट–अप्स और एमएसएमई को प्रोटोटाइप विकास सहित आवश्यक तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। मंत्रिपरिषद ने राज्य के सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए भी अहम निर्णय लिए। इसके तहत जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लैब सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और निर्धारित मानकों के अनुसार जांच की संख्या बढ़ाने के लिए प्रभावी संचालन व्यवस्था लागू की जाएगी।

## तीरंदाजी खेल पौराणिक काल की महत्वपूर्ण विद्या है - नीलू शर्मा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी तीरंदाजी संघ, जिला इकाई राजनांदगांव द्वारा युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 18 जनवरी 2026 को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को लेकर प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि जागृत करना एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था।प्रतियोगिता के समापन समारोह पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा,के मुख्यआतिथ्य, महापौर मधुसूदन यादव,के अध्यक्षता,तथा उत्तर मंडल अध्यक्ष भाजपा सुमित भाटिया, कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षक एवं समाजसेवी शारदा तिवारी, सचिव साधना तिवारी तथा गेमू कुंजाम के विशिष्ट आथित्य में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री नीलू शर्मा ने अपने उद्बोबोधन में कहा कि तीरंदाजी हमारे पौराणिक काल की एक महत्वपूर्ण विद्या है, जिसका उल्लेख रामायण और महाभारत जैसे महान ग्रंथों में मिलता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में तीरंदाजी का उपयोग युद्ध और खेल—दोनों के रूप में किया जाता था। आज के समय में इस पारंपरिक खेल को पुनः प्रोत्साहित किया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है। उन्होंने संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षकों एवं पदाधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ, जिला इकाई राजनांदगांव विगत वर्षों से निरंतर ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। संघ शहर के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी तीरंदाजी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब बच्चे मोबाइल और टीवी तक सीमित होते जा रहे हैं, ऐसे में खेलों के माध्यम से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को विशाल ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में प्रमुख रूप से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के सचिव राहुल साहू,उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता,सहित वरिष्ठ खिलाड़ी कुशल रजक,अंजलि यादव,भूपेंद्र सिंहा,जतिन यादव,राहुल साहू,सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के अभिभावक एवं खेल प्रेमी जनता मौजूद रहे।



## श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल मे मनाया गया सोलवा वार्षिकोत्सव

**राजनांदगाव ।** श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल जो कि अपने स्थापना के सोलहवे वर्ष मे प्रवेश कर चूका है. स्कूल मे बच्चों की शानदार प्रस्तुति के साथ सोलहवा वार्षिकोत्सव मनाया गया.यह जानकारी देते हुई स्कूल की संचालिका मोना गोसाई ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पारस वर्मा जी (नगर निगम सभापति ) संतोष पिल्ले जी (नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ) थे. कार्यक्रम में निर्णायक व विशेष अतिथि के रूप में प्रज्ञा गुप्ता जी, बुद्धि मित्रा वासनिक जी उपस्थित रही.सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ी राज्यगीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई. बच्चों द्वारा आज के समय को देखते हुए ज्यादा मोबाइल चलाने पर, माता–पिता का अपमान करने पर, गरीबी में बच्चों को किस तरीके से हर माहौल का सामना करने के लिए, स्कूल में संस्कारी रूप से कैसे रहना एवं ऑपरेशन सिंदूर विषय पर भी शाला के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम किया गया.आज का समय को देखते हुए शिक्षिकाओं द्वारा बहुत ही अच्छा संचालन कर वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया, सफल आयोजन के लिए स्कूल संचालक श्रीमती मोना गोसाई द्वारा सभी स्कूल के प्राचार्य,शिक्षिकाओं,के साथ ही आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.



## मुंजालकला में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन, लोमश महाराज ने सुनाई परीक्षित मोक्ष कथा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कार मंच ग्राम मुंजालकला एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक श्री लोमश महाराज (ग्राम कोहका, जिला राजनांदगांव) के मुखारबिंद से हो रहा है। कथा के दौरान श्री लोमश महाराज ने मोक्ष की प्रेरणादायी कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि जब मनुष्य का मन दुख और कष्ट से घिर जाता है, तब वह स्वाभाविक रूप से परमात्मा को स्मरण करता है। इसलिए जीवन में ईश्वर के प्रति प्रेम, विश्वास और आस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भक्ति और सद्कर्म ही मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का समापन कल गीता कथा के साथ किया जाएगा। इस पावन अवसर पर प्रदेश पंचायत सहसंयोजक एवं राजनांदगांव जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विधिवत कथा श्रवण कर व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा, धर्म और संस्कार ही हमारी मूल धरोहर हैं। यदि हम अपने संस्कारों की सेवा करेंगे, तो वही संस्कार आने वाली पीढ़ियों की रक्षा करेंगे। सुदामा की तरह निष्काम भाव से परमात्मा से जुड़ने पर जीवन धन्य हो जाता है। सभी को भागवत, रामायण जैसे धर्मग्रंथों का निरंतर रसपान करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में प्रभु परमात्मा विराजमान हैं, आवश्यकता केवल अपने मन को शुद्ध और निर्मल रखने की है। कथा स्थल पर श्रीमती संतोषी साहू (आमगांव) ने भी पहुंचकर व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा।






## सांसद संतोष पांडे महापौर मधुसूदन यादव के करकमलो से स्वदेशी मेले का होगा उद्घाटन

राजनंदगांव। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए वर्षों से प्रयासरत भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन दिनांक 22 जनवरी 2026 को संध्या 6 बजे स्टेट स्कूल मैदान में होने जा रहा है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद संतोष पांडे,महापौर मधुसूदन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । उद्घाटन के इस अवसर पर श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा,स्वदेशी जागरण मंच की प्रांत सह संयोजक शीला शर्मा एवं निगम अध्यक्ष पारस वर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे । स्वदेशी मेले के संयोजक विनोद ढड्डा एवं स्वागत समिति के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने बताया कि प्रदेश में संपन्न होने वाले प्रतिष्ठित स्वदेशी मेले का लोग वर्ष भर इंतजार करते हैं,

### 22 से 28 जनवरी तक स्वदेशी वस्तुओं से सजेगी संस्कारधानी

जिसमें विविध स्वदेशी वस्तुओं के स्टॉल लगते हैं । सुई से लेकर बड़ी मशीनरी समानो के सभी उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती है । प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताएं जिसमें श्रीफल सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता, रंगभरों , वेश प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता,आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता जैसी अनेक प्रतियोगिताओं में हजारों प्रतिभावान लोगों को मंच प्रदान किया जाता है । साथ ही छत्तीसगढ़ की लोक नृत्य कला संस्कृति के पारंपरिक कलाकारों को प्रतिदिन मंच दिया जाता है ।स्वदेशी का मंच पाकर कलाकार भी अभिभूत होते हैं ।

**चैंबर ऑफ़ कॉमर्स ने नई पहल प्रस्तुत की**

22 जनवरी से 28 जनवरी तक लगने वाले स्वदेशी मेले में इस वर्ष स्थानीय उत्पाद प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगे क्योंकि इस वर्ष चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के व्यापारियों ने इस वर्ष मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के संकल्प को साकार करने के लिए स्थानीय उत्पादों को मंच देने का निर्णय लिया ।जिसके फलस्वरुप महिला स्व सहायता समूह एवं स्थानीय उत्पादन कर्ताओं को अलग से मंच प्रदान किया गया है, जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स ने भी लोगों को जागरूक करने के लिए अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किया है ।

## अंबागढ़ चौकी में बनेगा सर्व सुविधा युक्त संघ कार्यालय

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** अंबागढ़ चौकी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय निर्माण के लिए सोमवार को भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। संघ सह सर कार्यवाह रामदत्त चक्रधर के सानिध्य में वैदिक मंत्रोचार एवं वास्तुपूजन के साथ कार्यालय भवन की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर सह सर कार्यवाह रामदत्त ने उपस्थित जनों को कार्यालय की आवश्यकता एवं अनिवार्यता को बताते हुए कहा कि, यह भवन नहीं अपितु एक मंदिर है जिसका उपयोग भूमि पूजन कार्यक्रम में संघ के प्रांत संघ चालक प्रो डॉ टोपलाल वर्मा विभाग संघ चालक राजेश ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में संघ के अधिकारीगण, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे, जिनके द्वारा अंबागढ़ चौकी के संघ कार्यालय निर्माण के लिए सहयोग का संकल्प लिया गया।



**आधुनिक और सर्वसुविधा युक्त होगा भवन**– अंबागढ़ चौकी के केशव नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिला कार्यालय भवन सर्व सुविधायुक्त एवं वास्तु अनुरूप निर्मित होगा इस संदर्भ में जिला संघ चालक चिंता राम नायक एवं जिला प्रचार प्रमुख प्रेम गोस्वामी ने बताया कि , संघ का यह केशव भवन लगभग छह हजार वर्ग फुट क्षेत्रफल में निर्मित होगा जिसमें विशाल ऑडिटोरियम तथा वनांचल क्षेत्र के युवाओं तथा स्वयंसेवकों के लिए आवास, पुस्तकालय एवं सूचना केंद्र भी होगा।

## छत्तीसगढ़ में सरकारी चूहों का कारनामा 30 करोड़ का धान डकार गए अधिकारी ?



### अब आईपीसी 409 में नपेंगे, राइस मिलर्स पर भी सर्जिकल स्ट्राइक

जितेंद्र जैन जीतू

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिसे दुनिया 'धान का कटोरा' कहती है, वहां के सरकारी आंकड़ों में एक अजीबोगरीब 'चूहा घोटाला' सामने आया है। छत्तीसगढ़ के सरकारी गोदामों और खरीदी केंद्रों से हजारों क्विंटल धान गायब है। जब जिम्मेदार अधिकारियों से सवाल पूछा गया, तो जवाब मिला— साहब, धान तो चूहे और दीमक खा गए। लेकिन जांच की परतों ने इस चूहा थ्योरी की पोल खोल दी है। यह मामला चूहों की भूख का नहीं, बल्कि सिस्टम में बैठे दो पैर वाले चूहों यानी भ्रष्ट अधिकारियों और राइस मिलर्स की मिलीभगत का है।

**30 करोड़ का 'शॉर्टेज' और घोटाले के हॉटस्पॉट**

प्रारंभिक जांच में प्रदेश भर में करीब 30 करोड़ रुपये से अधिक का धान 'शॉर्टेज' (गायब) बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा गड़बड़ी कबीरधाम (कवर्धा) और महासमुंद जिले में पकड़ी गई है।

कबीरधाम यहां के बाजार चारभाठा में करीब 22,000 क्विंटल और बघर्रा में हजारों क्विंटल धान गायब मिला। जिले में कुल 26,000 क्विंटल धान जिसकी अनुमानित कीमत 7 से 8 करोड़ रुपये का कोई हिसाब नहीं है।

**महासमुंद**– यहां 18 करोड़ के नुकसान की आशंका है। इसके अलावा अन्य जिले बालोद, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर–चांपा और रायगढ़ में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी मिली है।

चूहा थ्योरी का गणित तर्क बनाम हकीकत

अधिकारियों ने धान गायब होने की वजह सूखत (नमी कम होना) और चूहों द्वारा खाना बताया। लेकिन गणित कुछ और ही कहता है। एक चूहा एक दिन में औसतन 20 ग्राम अनाज खाता है। 26,000 क्विंटल धान खाने के लिए लाखों चूहों की फौज चाहिए होगी, जो व्यावहारिक रूप से असंभव है। स्पष्ट है कि यह प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रशासनिक भ्रष्टाचार है।

**कैसे हुआ खेल...... ?**

जांच में पता चला है कि धान चूहों के पेट में नहीं, बल्कि राइस मिलर्स के गोदामों में गया है। इस मामले में जांच कर्ताओं का कहना है की घोटाले के तीन प्रमुख तरीके सामने आए हैं। जिसमें पहला कागजी खरीदी इसके तहत धान केंद्रों पर कभी पहुंचा ही नहीं, सिर्फ फर्जी एंट्री कर पैसा निकाल लिया गया। दूसराअवैध बिक्री अच्छी क्वालिटी का सरकारी धान चोरी–छिपे राइस मिलर्स को खुले बाजार में बेचा गया। तीसरा तरीका बोगस बिलिंग जिसके तहत किसानों के नाम पर फर्जी टोकन काटे गए, लेकिन धान जमा नहीं हुआ। **इसका सबूत**– मुंगेली जिले में प्रशासन ने 14 राइस मिलों को सील कर 12,000 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है, जो इस मिलीभगत का जीता–जागता सबूत है।

**कानूनी शिकंजा**– जानकारों का कहना है कि अब इस मामले में सामान्य चोरी नहीं, लगेगी ढ्ढक्कष्ट 409 मामला तूल पकड़ने के बाद राज्य सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है। चूंकि आरोपी 'लोक सेवक' हैं, इसलिए पुलिस ने सामान्य चोरी के बजाय ढ्ढक्कष्ट की धारा 409 (लोक सेवक द्वारा आपराधिक विश्वासघात) जैसी गंभीर धाराएं लगाई हैं। इस धारा के तहत

(IPC 409) आजीवन कारावास या 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। IPC 420 (धोखाधड़ी) व 120–क्च (षड्यंत्र) सरकार को गुमराह करने और राइस मिलर्स के साथ साठगांठ के लिए।

आवश्यक वस्तु अधिनियम धान की कालाबाजारी पर धारा 3/7 के तहत गैर–जमानती अपराध दर्ज किया गया है। वहीं इस मामले में अब तक की बड़ी कार्रवाई निलंबन और FIR हुआ है। जिसके चलते प्रदेश भर के 12 जिलों में 31 अधिकारियों और कर्मचारियों (प्रबंधक/प्रभारी) को सस्पेंड किया जा चुका है। जिसमें अनिल बाजपेई (प्रबंधक, कुकदुर, कबीरधाम), उमेश कुमार साहू (बेमेतरा) और कामीराम खूंटे (बिलासपुर) के खिलाफ नामजद FIR दर्ज की गई है।



**राइस मिलर्स पर 'ट्रिपल अटैक' और रिकवरी**


इस मामले में प्रशासन अब राइस मिलर्स पर तीन तरफा कार्रवाई कर रहा है जिसमें फिजिकल वेरिफिकेशन जिसके तहत मिलों में छापे मारकर स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। और गड़बड़ी मिलने पर मिलर्स का 'कस्टम मिलिंग एग्रीमेंट' रद्द किया जा रहा है। वहीं गायब धान की कीमत समर्थन मूल्य के बजाय बाजार भाव पर अधिकारियों और मिलर्स से वसूली जाएगी। पैसा न देने पर उनकी निजी संपत्ति कुर्क की जाएगी। सरकार की हालिया सख्ती और धारा 409 का प्रयोग यह संकेत देता है कि अब लीपापोती नहीं चलेगी। जिसे अधिकारी 'चूहों की दावत' बता रहे थे, वह असल में उनकी अपनी दावत थी, जिसका बिल अब उन्हें जेल जाकर और अपनी संपत्ति बेचकर चुकाना होगा।

nandgaon times jan-22-3.qxd 1/21/2026 10:52 PM Page 2



## मा अम्बे धाम में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा, श्रद्धालुओं में उत्साह

**राजनांदगांव।** नगर के धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाने हेतु परम पूज्य संत श्री मनीष आई जी महाराज के पावन सान्निध्य में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक आयोजन 24, 25 एवं 26 जनवरी 2026 को प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपन्न होगा। यह दिव्य सत्संग मा अम्बे धाम श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर समिति वार्ड क्रमांक 31 जनता कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। श्रीमद् भागवत सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अमृत रस श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होगा। संगीतमय कथा के माध्यम से वातावरण पूर्णत: भक्तिरस में सराबोर हो जाएगा। आयोजन समिति एवं नगर के श्रद्धालुओं द्वारा समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य सत्संग में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करें एवं अपने जीवन को आध्यात्मिक दिशा प्रदान करें। इस पावन आयोजन का सौजन्य श्री टीलाराम ठाकुर, श्रीमती चम्पी ठाकुर एवं समस्त ठाकुर परिवार पिल्न द्वारा प्रदान किया जा रहा है। यह संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा परम पूज्य संत श्री मनीष भाई जी महाराज चंद्रपुर महाराष्ट्र द्वारा प्रवचन की जाएगी।



## शिव कालोनी में पानी निकासी की समस्या

**राजनांदगांव।** मूलभुत सुविधा बिजली,पानी, सफाई का हाल जानने



महापौर श्री मधुसूदन यादव द्वारा वार्डो में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू हो समस्या से अवगत हो रहे है। इसी कडी में कौरिनभाठा क्षेत्र के शिव कालोनी में पानी निकासी की समस्या पर महापौर श्री यादव आज सुबह पार्षद श्री डुरेन्द्र साहू तथा निगम के तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ स्थल निरीक्षण कर पानी निकासी हेतु भू-स्वामी से चर्चा किए।शिव कालोनी वासियों द्वारा कालोनी में बने नाली की पानी निकासी मे आ रही समस्या की जानकारी देने पर महापौर श्री यादव स्थल मुआयना कर भू-स्वामी एवं कालोनी वासियों से चर्चा किए। कालोनी वासियो ने कहा कि आगे के प्लाट में नाली को बंद कर देने से पानी निकासी की समस्या आ रही है, जिससे बरसात में कालोनी में पानी भरान जैसी स्थिति निर्मित हो जाएगी। इस पर महापौर श्री यादव ने संबंधित भू-स्वामी से नाली खोलने समझाईस दिए। उन्होंने कहा कि नाली खोल देने से पानी निकासी हो जाएगी। उन्होंने उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे से आगे के पानी निकासी हेतु सार्वजनिक नाली में जोडने कार्यवाही करने कहा। महापौर श्री यादव स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा सहित तकनीकि अधिकारियो से कहा कि कालोनी या अन्य क्षेत्रो में पानी निकासी की आ रही समस्या का समाधान करने संबंधित भू-स्वामी से चर्चा कर निराकरण करावे, जिससे बारिश के मौसम में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। निरीक्षण के दौरान कालोनीवासियों की उपस्थिति रही।

## राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा बालोद जिले के 115 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**बालोद ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन के छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तर पर अल्पसंख्यक समुदाय के कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आयोग की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयोग के अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। श्री छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं कठिन परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें—राज्य अल्पसंख्यक आयोग सदैव उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए तत्पर है। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर श्री तरुण कुमार ने विद्यार्थियों को करियर चयन, लक्ष्य निर्धारण तथा आने वाले भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ।



# शहीद रामाधीन गोड़ के 87वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि, बादराटोला में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

## मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव बोले— रामाधीन गोड़ का बलिदान केवल इतिहास नहीं, समाज के लिए प्रेरणा

**राजनांदगांव।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद रामाधीन गोड़ के 87वें शहादत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बादराटोला, विकासखंड छुरिया में श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण में श्रद्धांजलि सभा एवं सामुदायिक भवन भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद रामाधीन गोड़ के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित अतिथियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद को नमन किया और उनके बलिदान को स्मरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर एवं पूर्व सांसद राजनांदगांव श्री मधुसूदन यादव रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गीता घासी साहू (पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव), एम.डी. ठाकुर (प्रदेश उपाध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़), श्रीमती भेष बाई साहू (जनपद सभापति), अजय पटेल (नगर पंचायत अध्यक्ष), दीनदयाल साहू (सरपंच संघ अध्यक्ष), भारती देवांगन (जनपद सदस्य), कैलाश शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे।

सभा को संबोधित करते हुए श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि शहीद रामाधीन गोड़ की शहादत केवल एक व्यक्ति या परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध उन्होंने जो बलिदान दिया, उसी के कारण आज देश स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति समाज के लिए



जीता है, उसे सम्मान मांगने की आवश्यकता नहीं पड़ती। आज कार्यक्रम में उमड़ी जनभागीदारी इस बात का प्रमाण है कि शहीद रामाधीन गोड़ ने समाज को अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने इस दिन को शहादत दिवस के साथ-साथ संकल्प दिवस बताते हुए नागरिकों से समाज, किसान और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

**20 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन**

मुख्य अतिथि श्री यादव ने जानकारी दी कि सामुदायिक भवन निर्माण की मांग पिछले वर्ष इसी मंच से रखी गई थी, जिस पर सभी प्रशासनिक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का टेंडर जारी हो चुका है। प्रथम किश्त के रूप में 10 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं और निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। कार्य पूर्ण होने पर शेष राशि भी स्वीकृत की जाएगी। इस घोषणा पर उपस्थित ग्रामीणों ने तालियों से स्वागत किया।

**शहीदों के आदर्शों पर चलने का आह्वान — गीता घासी साहू**

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों का बलिदान हमें सदैव समाज और देश के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए आने वाली पीढ़ी को भी देशभक्ति, सामाजिक समरसता और सेवा की प्रेरणा देनी चाहिए। एम.डी.ठाकुर ने भी कार्यक्रम सभा को संबोधित किया और बलिदानों को नमन किया।इनकी रही प्रमुख उपस्थिति कार्यक्रम में कैलाश शर्मा, अनिरुद्ध चंद्राकर,हिदरे राम देवांगन, हिरेंद्र कुमार साहू, महेश दास सोनवानी, मदन नेताम, उदें राम चंद्रवंशी,राजेश सिन्हा, दयाराम कौशल, राय सिंह कुंजाम, देवार कुंजाम, सनकु राम कुंजाम, लिमेश कुमार उइके, टुमेश कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक पदाधिकारी एवं युवा वर्ग उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने शहीद रामाधीन गोड़ को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# 24 जनवरी से आयोजित होने वाली सांसद संतोष ट्रॉफी की तैयारियाँ अंतिम चरण में

**खुज्जी ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही बहुप्रतीक्षित सांसद संतोष ट्रॉफी की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में पहुँच चुकी हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 जनवरी को उद्घाटन समारोह के साथ किया जाएगा। इस आयोजन की आयोजन समिति के प्रमुख प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं किसान नेता कैलाश शर्मा हैं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में पूरी टीम उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी हुई है। उनके नेतृत्व में आयोजन को सुव्यवस्थित, अनुशासित और जनहितकारी स्वरूप देने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। आयोजक



कैलाश शर्मा ने बताया की एक विशेष पहल के तहत नशा से दूर रहने वाली टीमों को प्रवेश शुल्क में विशेष छूट दी जा रही है, ताकि युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह प्रतियोगिता खेल के माध्यम से सामाजिक जागरूकता का सशक्त मंच बन रही है। प्रतियोगिता में विजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, प्रथम पुरस्कार 1 लाख, द्वितीय पुरस्कार: ?51,000 हजार तृतीय पुरस्कार: ?11,000 हजार है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का मैच टाइम-टेबल (कार्यक्रम सारणी) तैयार किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही जारी किया जाएगा। मैदान की सजावट, पिच निर्माण, खिलाड़ियों की सुविधा, प्रबंधों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। स्थानीय नागरिकों, खेल प्रेमियों और युवाओं में इस आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति ने खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और इस आयोजन को ऐतिहासिक सफलता दिलाएँ।

## खैरागढ़ महाविद्यालय में आनंद मेला का भव्य आयोजन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता के निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक जे. के. साखरे के संयोजन में रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आनन्द मेला का भव्य आयोजन किया गया। यह गरिमामयी आयोजन रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री विकेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष श्री कमलेश कोठले, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की अध्यक्ष सुश्री मोनिका रजक, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरिजा चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, जिला खेल अधिकारी कन्हैया लाल पटेल,महाविद्यालय के सेवानिवृत्त ग्रंथपाल श्री जे. के वैष्णव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने उद्घाटन वक्तव्य में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने कहा कि ज्ञान का स्त्रोत केवल किताबें नहीं है। विद्यार्थियों के लिए जीवन में व्यावहारिक ज्ञान भी आवश्यक है। इस आनंद मेला के आयोजन के पीछे छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। श्री विकेश गुप्ता ने सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी ।‌ श्री गिरिजा चंद्राकर जी ने आनंद मेला के आयोजन को अभूतपूर्व एवं महत्वपूर्ण बताया।



# सांसद कप रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांच चरम पर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सांसद कप रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट जोकि मुनिस्पल स्कूल ग्राउंड में 13 जनवरी से 25 जनवरी तक खेली जा रही है, के अंतर्गत 20 जनवरी 2026 को खेले गए मुकाबलों में दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। एक से बढ़कर एक करीबी मुकाबलों में वार्ड स्तरीय टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

**पहले मुकाबले में वार्ड 43 की संघर्षपूर्ण जीत**

शाम का पहला मैच वार्ड क्रमांक 28 एवं वार्ड क्रमांक 43 के मध्य खेला गया, जिसमें वार्ड 43 ने अंत तक दबाव बनाए रखते हुए 6 रन से मुकाबला अपने नाम किया। मैच आखिरी ओवर तक रोमांच से भरा रहा।

**दूसरे मैच में वार्ड 51 का दमदार प्रदर्शन**

दूसरे मुकाबले में वार्ड क्रमांक 22 बनाम वार्ड क्रमांक 51 आमने-सामने रहे। वार्ड 51 ने संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

**तीसरे मुकाबले में आखिरी विकेट तक चला संघर्ष**

तीसरे मैच में वार्ड क्रमांक 19 एवं वार्ड क्रमांक 21 के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। वार्ड 21 ने संयम और रणनीति के साथ खेलते हुए 2 विकेट से रोमांचक जीत हासिल की।

**चौथे मैच में वार्ड 17 की एकतरफा जीत**

रात्रि के चौथे मुकाबले में वार्ड क्रमांक 10 बनाम वार्ड क्रमांक 17 खेला गया, जिसमें वार्ड 17 ने बेहतरीन गेंदबाजी और सधी हुई बल्लेबाजी के दम पर 7 विकेट से आसान जीत दर्ज की।

**अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह**

आयोजन समिति से जुड़े अरविंद बैद, मुकेश शर्मा, हकीम खान एवं रमेश सोनवानी ने जानकारी दी कि सोमवार 20 जनवरी को आयोजित मैचों के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी, उमाकांत भारद्वाज, विष्णु साव, राजेश खांडेकर, धर्मेंद्र जैन सहित सीए एसोसिएशन से सुरेश गांधी, हरीश सांखला, सुमित चौरसिया, प्रकाश सांखला तथा भाजपा नेता सौरभ कोठारी,



राजेश श्यामकर की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया, तत्पश्चात सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

**खेल के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश**

आयोजक हरीश शर्मा अतुल रायजादा ने बताया कि सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि वार्ड स्तर पर आपसी भाईचारे, अनुशासन और खेल भावना को भी मजबूती दे रहा है। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

**शुभांक**

**1-3-5**

**334-0 150-6**

**भाग्यांक**

**336-2 ----**

# खुमेश साहू रंग छत्तीसगढ़ सुरगी के नेतृत्व में बर्फीली वादियों में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव के युवाओं का साहसिक सफर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रंग छत्तीसगढ़ , रंग धारा के संचालक खुमेश साहू व मैनेजर भगवत वर्मा समेत राजनांदगांव के युवाओं ने हिमाचल प्रदेश के मनाली में आयोजित 5 दिवसीय राष्ट्रीय एडवेंचर कैंप में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रोमांचक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया और साथ ही अपने छत्तीसगढ़ के कला को बिखेरने का प्रयास किया। यह राष्ट्रीय एडवेंचर कैंप एडवेंचर टास्क फोर्स टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से लगभग 60 युवाओं ने भाग लिया। इस कैंप में जिला राजनांदगांव से लगभग 40 युवा शामिल हुए। एडवेंचर कैंप का संचालन 13 जनवरी से 20 जनवरी तक किया गया, जबकि 15 जनवरी से एडवेंचर गतिविधियों की शुरुआत हुई। कैंप के प्रथम दिवस युवाओं को नदी किनारे की प्राकृतिक सुंदरता से रूबरू कराया गया तथा प्राचीन एवं प्रसिद्ध गायत्री मंदिर मल्लू मनाली तक ट्रैकिंग कर दर्शन कराया गया। द्वितीय दिवस में युवाओं ने लगभग 5 किलोमीटर ऊँचाई पर स्थित परसादा वॉटरफॉल तक ट्रैकिंग कर प्रकृति के अनुपम सौंदर्य का अनुभव किया। इसके पश्चात जोगनी वॉटरफॉल, मनाली मॉल रोड मार्केट का भ्रमण कराया गया। कैंप के अंतिम दिवस युवाओं को अटल टनल रोहतांग एवं बर्फ से ढकी वादियों का रोमांचक अनुभव कराया गया, जिससे युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उक्त राष्ट्रीय एडवेंचर कैंप में राजनांदगांव जिले से युवा प्रतिनिधि मनीष, विनोद, भागवत, खुमेश, ललित सहित कुल 35 युवा सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस कैंप का उद्देश्य युवाओं में साहस, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। एडवेंचर कैंप से लौटे युवाओं ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बताते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।


## नाम परिवर्तन

आवेदक/आवेदिका संजु बोरकर पति मनीष कुमार बोरकर ग्राम पनेका पो. पनेका तह. एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.)विषय :- छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन प्रकाशन हेतु अनुमति बाबत् । आवेदक/आवेदिका निम्नलिखित निवेदन सादर प्रस्तुत करता है । 01. यह कि, आवेदक/आवेदिका उपरोक्त पते का निवासी है। 02. यह कि, मेरी पुत्री का पूर्व नाम आधार कार्ड दस्तावेज में नाम KUMARi NMA BORKER त्रुटिवश दर्ज है। 6/01/26 03. यह कि, मेरी पुत्री का नया नाम जन्म प्रमाण पत्र दस्तावेज में NAMYA BORKER दर्ज है जो सत्य एवं सही है। विभागीय त्र 04. यह कि, दोनों नामों में एकरूपता लाने एवं आधार कार्ड दस्तावेज को सुधार/संशोधन करने मैं आवेदक छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन करना चाहती हूँ। अतः श्रीमान से विनय है, मुझे छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन का प्रकाशन हेतु अनुमति दण्डाधिकदान किये जाने की कृपा करे ।

**आवेदिका**
**संजु बोरकर**
पति मनीष कुमार बोरकर
ग्राम पनेका पो. पनेका
तह. एवं जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

स्थान - राजनांदगांव दिनांक 12/01/2026

## नाम परिवर्तन

राजनांदगांव मैं थमलेश कुमार साहू आ0 मोतीराम साहू आयु 33 वर्ष, निवासी ग्राम कोलिहालमती, पोष्ट व थाना गैंदाटोला, तहसील छुरिया, जिला (छ0ग0) का निवास हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

यह कि, मेरा नाम व पत्ता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरे शैक्षणिक व अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम 'थमलेश कुमार साहू (THAMLESH KUMAR SAHU) आ0 मोतीराम साहू, (MOTIRAM SAHU) दर्ज है, जो कि, सत्य व सही है। आधार पंजीकरण के समय त्रुटिवश उपनाग में 'अडिल (ADIL) लेख किया गया है, जो गलत अंकित हो गया है। यह कि, मैं अपने आधार कार्ड में ÷थमलेश कुमार अडिल (THAMLESH KUMAR ADIL आ0 मोतीराम साहू (MOTIRM SAHU)' के स्थान पर मेरा सही नाम 'थमलेश कुमार साहू (THAMLESH KUMAR SAHU) आ0 मोतीराम साहू (MOTIRAM SAHU)' कराना चाहता हूं, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित किया जा रहा है।

**शपथकर्ता**
**थमलेश कुमार साहू**
**आ- मोतीराम साहू**
निवासी ग्राम कोलिहालमती,
पोष्ट व थाना गैंदाटोला,
तहसील छुरिया, जिला (छ.ग.)

स्थान - डोंगरगांव दिनांक 19/01/2026

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक /126 / अविअ/प्रवा0-3/2026
राजनांदगांव, दिनांक 20/01//2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार अग्रवाल पिता नथमलजी अग्रवाल, निवासी बल्देवबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभाठा, पटवारी हल्का नंबर 38, खसरा नंबर 57/15 रकबा 0.0280 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति. पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 28/01/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.-202601291500016
शीर्ष-अ-6 वर्ष 2025-26
क्रमांक/468/वा. नजूल / 2026
खैरागढ़, दिनांक 21/01/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक / केतागण अमृतलाल साहू पिता रामसिंग साहू निवासी वार्ड नं-08 तुरकारीपारा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर-खैरागढ़ मोहल्ला ईतवारी बाजार ब्लाक नं-08 स्थित भूखण्ड कमांक-373/1 कुल क्षेत्रफल 1975 वर्गफूट में से 475 वर्गफूट को पंजीकृत विकय पत्र दिनांक 15.02.2024 के माध्यम से अनावेदक/विकेतागण मोतीराम साहू पिता रामसिंग साहू निवासी वार्ड नं-08 तुरकारीपारा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से कय किये जाने के परिणामस्वरूप उक्त विकय पत्र के आधार पर वादभूमि अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वादभूमि संबंधी अभिलेख पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति/आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202601092200053**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सनः- 2025-2026
रांका (प ह न. 00029),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - बिपत,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिपत पिता थुकेल जाति कंवर उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम राका तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि मेरी बड़ी माता रजवंतिन बेवा झाड़ू जाति कंवर निवासी राका द्वारा अपनी कषि भूमि ग्राम राका प.ह.न.29 रा.नि.म. चौथना तहसील डोंगरगढ़ स्थित ख.न. 81/2, 81/4, 320/8, 320/10, 320/14, 320/17, 379/3, 379/4, 443/2, 506/2 रकबा 0.093, 0.158, 0.081, 0.032, 0.316, 0.016, 0.089,0.073, 0.016,0.069 कुल खसरा नम्बर 10 कुल रकबा 0.943हे. भूमि को आवेदक को पंजीकृत वसीयतनामा द्वारा वसीयत की है। उपरोक्त भूमि का मेरी बड़ी माता के स्वर्गवास उपरांत न्यायालय श्रीमान तहसीलदार डोंगरगढ़ द्वारा बिपत पिता थुकेल के एकल स्वामित्व में दर्ज किये जाने हेतु आदेश किया गया है, जिसके आदेश की छायाप्रति संलग्न है। उपरोक्त भूमि के ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में बिपत पिता थुकेल के अलावा अन्य हिस्सेदार के रूप में कुन्ती पिता गुलाल, ना.बा. कमलेश्वरी पिता गुलाल, ना.बा. हिमांशी, कांती बाई पति गुलाल, बेदो बाई पिता दुल्लुराम, धनवारिन पिता थुकेल का नाम अंकित है जो त्रुटि है। उपरोक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में अंकित हिस्सेदार कुन्ती पिता गुलाल, ना. बा. कमलेश्वरी पिता गुलाल, ना.बा. हिमांशी, कांती बाई पति गुलाल, बेदो बाई पिता दुल्लुराम, थनवारिन पिता थुकेल का नाम विलोपित कर बिपत पिता थुकेल का एकल नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 04/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्राँ से आज दिनांक 16/01/2026 को जारी किया जाता है।

सील **तहसीलदार डोंगरगढ़**

# बिरेतरा में 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

## मैदान समतलीकरण व मंच निर्माण के लिए दो लाख रुपये की घोषणा

**बालोद।** न्यू प्लेयिंग इलेवन क्रिकेट क्लब बिरेतरा द्वारा आयोजित 6 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष बालोद सरस्वती टेमरिया, भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख संजय साहू, युवा नेता कुलदीप यादव, स्थानीय सरपंच टेमन साहू, शैलेन्द्र साहू, नेमेश साहू, पंचायत प्रतिनिधि सहित ग्रामवासी अरुण साहू, विजय साहू, संजय साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि तोमन साहू ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल युवाओं को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। खेल के माध्यम से टीम भावना, अनुशासन, एकता और जीवन मूल्यों की सीख मिलती है। ग्रामवासियों एवं पंचायत की मांग पर उन्होंने खेल मैदान के समतलीकरण एवं अधूरे मंच निर्माण के लिए दो लाख रुपये की घोषणा की। जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव ने आयोजन समिति को निर्विवाद एवं खेल भावना के अनुरूप प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 50 से 60 ग्रामों की टीमें इस प्रतियोगिता में भाग लेती हैं, जिससे यह आयोजन युवाओं के लिए एक च्महाकुंभज्ज् जैसा बन जाता है। क्रिकेट आज सभी वर्गों में



अत्यंत लोकप्रिय है, लेकिन साथ ही हमें अपने क्षेत्रीय खेलों और सांस्कृतिक विरासत को भी बढ़ावा देना चाहिए। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ टीमवर्क, धैर्य, साहस और एकता की सीख मिलती है। उन्होंने ग्राम की विभिन्न मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया ने प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बधाई देते हुए कहा कि क्रिकेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि एकता और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलता है। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने भी संबोधित करते हुए आयोजन समिति कि कार्यक्रम के तौयारी ,व्यवस्था साज-सज्जा की प्रसंशा करते हुए आज के समय में शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है खेल से भी प्रसिद्धि,कामयाबी, आय व क्षेत्र व राष्ट्र को गौरवान्वित किया जा सकता है भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख संजय साहू ने कहा कि क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, जिसमें निरंतर अभ्यास, टीम भावना और ऊर्जा के माध्यम से सफलता प्राप्त होती है। यह खेल युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। स्थानीय सरपंच टेमन साहू ने अतिथियों को ग्राम की प्रमुख समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत कराया, जिस पर अतिथियों ने प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन दिया।इस अवसर पर खेल के लिए समर्पित ग्राम के सैनिक शैलेंद्र साहू, अमर सिंह साहू,गिरिश कुमार साहू का अतिथियों ने सम्मान किया प्रमुख रूप से कंवल सिंह सिन्हा,खीलु सिन्हा,विजय सोनवानी,होमन यादव, धनश्याम साहु,केशव साहू, अभिनय यादव,सोहन साहू,तोकेश कुमार,टिकेश्वर साहू,वेद प्रकाश साहू,हरिश साहु,खुशाल , महेन्द्र सिंह,झमेन्द्र साहू,सुरेश साहू,युगल साहू ,दुर्गेश साहू,सुनेती साहू ,टीलेश साहू,चतुर साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ज्ञान मंथन

*1) ब्राह्मणों को भूमि दान देने वाले पहले शासक कौन थे?*
*2) भारत में पहली बार नोटा मतदान विकल्प कब लागू किया गया था?*
*3) भारत और जापान ने किस क्षेत्र में संयुक्त अभ्यास किया?*
*4) कोक बोरोक दिवस किस भाषा की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है?*
*5) विश्व की सबसे बड़ी शिवलिंग हाल ही में कहा स्थापित की गयी है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) सातवाहन (2) 2013 (3) समुद्री प्रदूषण नियंत्रण (4) त्रिपुरी (5) बिहार

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय रोजगार मेला 29 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, सेजबहार, रायपुर में आयोजित है। कबीरधाम जिले के युवाओं के लिए 30 जनवरी 2026 तिथि नियत किया गया है। इस रोजगार मेला में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न निजी संस्थाओं से रिक्तियों प्राप्त हुआ है, जिसकी भर्ती मेला स्थल व साक्षात्कार के माध्यम से किया जाना है। रिक्तियों की जानकारी के लिए विभाग के वेबसाईट का अवलोकन कर मेला में सम्मिलित होने के लिए आवेदन/पंजीयन कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिन्होंने राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए आवेदन किये है, वे सर्वप्रथम रोजगार पंजीयन पश्चात् प्राप्त आईडी में अपना प्रोफाईल अपडेट कर लेगें तथा रिक्तियों का चयन कर मेला में सम्मिलित होने की प्रारंभिक प्रक्रिया पूर्ण कर लेगें। ऐसे आवेदक जिनका रोजगार पंजीयन वर्ष 2024 के पूर्व का हुआ है वे इस नये रोजगार पंजीयन पोर्टल में पंजीयन, अपडेशन किया जाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कबीरधाम या दूरभाष क्रमांक 07741-299344 से संपर्क कर सकते है।




## मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा क्षेत्र में आज शाम नही होगी पानी सप्लाई

**राजनांदगांव।** इस ग्रीष्म ऋतु में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियों की सफाई की जा रही है। टंकी सफाई की कडी में राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5.00 लाख लीटर) की सफाई कार्य किया जाना है, जिसके कारण सिंगदई मोहड टंकी नहीं भर पायेगी। इस वजह से उक्त टंकी से कल दिनांक 22 जनवरी 2026 दिन गुरूवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। 23 जनवरी शुक्रवार से पानी की सुचारू आपूर्ति की जायेगी। पानी टंकी सफाई के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि ग्रीष्मकाल में नगर वासियो को साफ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने महापौर श्री मधुसूदन यादव के निर्देश पर निगम सीमाक्षेत्र के पानी टंकियो की सफाई कराई जा रही है। इसी कडी में कल दिनांक 22 जनवरी गुरूवार को सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5.00 लाख लीटर) की सफाई की जानी है। सफाई करने के कारण उक्त टंकी नही भर पाईगी, जिससे शाम के समय की सप्लाई बाधित होगी। आयुक्त ने बताया कि सिंगदई मोहड टंकी (क्षमता 5.00 लाख लीटर) सप्लाई क्षेत्र मोहड़, सिंगदई, हल्दी, मोहारा बस्ती एवं बजरंग नगर क्षेत्र में कल 22 जनवरी गुरूवार की शाम को पेयजल सप्लाई बाधित रहेगी, 23 जनवरी शुक्रवार को सुबह समय में पेयजल सप्लाई यथावत होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।.

# व्हीकल फिटनेसके नाम पर अवैध वसूली का आरोप

## रेडियम बार कोड के बहाने वाहन चालकों से दबाव, जांच की मांग तेज

**रायपुर ।** प्रदेश में व्हीकल फिटनेस प्रक्रिया के नाम पर अवैध वसूली किए जाने के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। राजधानी रायपुर , बिलासपुर सहित विभिन्न जिलों में संचालित ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) केंद्रों पर वाहन मालिकों और चालकों को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कुछ निजी एजेंसियों एवं उनसे जुड़े लोगों द्वारा रेडियम बार कोड के नाम पर वाहन फिटनेस प्रक्रिया को जानबूझकर 2 से 3 दिन तक रोका जा रहा है, जिससे वाहन चालकों पर अतिरिक्त दबाव बनाया जा सके। आरोप है कि फिटनेस शीघ्र कराने के एवज में अनधिकृत रूप से राशि की मांग की जा रही है। पूर्व निर्धारित दरों पर वसूली का आरोप मिली जानकारी के अनुसार, एटीएस केंद्रों पर कथित रूप से एक अनौपचारिक प्राइस लिस्ट के आधार पर राशि वसूली जा रही है, जिसमें—फिटनेस पास : 1500 से 2000, लाइट : 1000, मीटर : 1000, टायर : 1000, अन्य तकनीकी मदों में अतिरिक्त राशि यदि वाहन चालक यह राशि देने से इनकार करता है, तो फिटनेस प्रक्रिया में अनावश्यक अड़चनें डाले जाने या वाहन को फेल दिखाने की शिकायतें भी सामने आई हैं।



**प्रशासनिक संरक्षण का दावा, भय का माहौल**- कुछ वाहन चालकों का कहना है कि प्रभावशाली नामों का उल्लेख कर उन्हें डराया जाता है, जिससे वे शिकायत करने से बचते हैं। इससे आम नागरिकों में भय और असहायता की स्थिति बन रही है।

**प्रेस रिपोर्टर क्लब की मांग**- प्रेस रिपोर्टर क्लब के प्रदेश अध्यक्ष संजय सोनी के नेतृत्व में संगठन ने इस पूरे मामले को गंभीर बताते हुए मांग की है कि— व्हीकल फिटनेस एवं एटीएस व्यवस्था की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। फिटनेस प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए। वाहन चालकों से की जा रही कथित अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगे। दोषी पाए जाने वालों पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए प्रेस रिपोर्टर क्लब का स्पष्ट कहना है कि यह मामला आम नागरिकों के आर्थिक और कानूनी अधिकारों से जुड़ा है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो संगठन इसे जनहित का विषय मानते हुए आगे भी उठाता रहेगा।

# वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन कर आत्मनिर्भर बने युवा किसान विनय चंद्रवंशी

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जब सही योजना, वैज्ञानिक सोच और मेहनत एक साथ मिलती है, तो सफलता तय होती है। ऐसा ही उदाहरण हैं कवर्धा विकासखंड के ग्राम भानपुर निवासी युवा किसान श्री विनय चंद्रवंशी, जिन्होंने परंपरागत के साथ वैज्ञानिक तरीके से मछली पालन अपनाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर विनय चंद्रवंशी ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। आज वे इस कार्य से लाखों रुपये की आमदनी कर रहे हैं और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। स्नातक शिक्षित श्री विनय चंद्रवंशी ने अपनी ही भूमि पर मछली तालाब निर्माण के लिए योजना के अंतर्गत आवेदन किया। सभी आवश्यक जांच और प्रक्रियाओं के बाद उनका चयन किया गया। इस परियोजना में कुल 7 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें से 2.80 लाख रुपये का अनुदान उन्हें डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हुआ। तालाब निर्माण के बाद मत्स्य पालन विभाग, कबीरधाम द्वारा उन्हें वैज्ञानिक मछली पालन का प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नियमित निगरानी दी गई। पहले वर्ष विभाग द्वारा मछली बीज के साथ 3,000 रुपये मूल्य का मछली आहार भी उपलब्ध कराया गया, जिससे उत्पादन की अच्छी शुरुआत हुई। शासन के सहयोग और अपनी लगातार मेहनत के कारण विनय चंद्रवंशी ने वर्ष 2023-24 में पंगेसियस मछली पालन से उन्हें लगभग 4.60 लाख रुपये की आय हुई। अब तक वे लगभग 42 टन मछली का उत्पादन कर चुके हैं। आज श्री विनय चंद्रवंशी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का अच्छे से भरण-पोषण कर रहे हैं। उनकी यह सफलता आसपास के ग्रामीणों और युवाओं को मत्स्य पालन जैसे व्यवसाय की ओर प्रेरित कर रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र का समग्र विकास, रोजगार सृजन और मछुआरों की आय में वृद्धि करना है। योजना के तहत तालाब निर्माण, मछली बीज, आहार, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।



# छुरिया में हुआ शिक्षकों का पांच दिवसीय मल्हार एवं प्रकाश प्रशिक्षण

**राजनांदगाँव।** राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ शंकर नगर रायपुर के निर्देशानुसार गत 12 जनवरी से 16जनवरी तक छुरिया विकास खंड के शासकीय हाईस्कूल भवन शिकारी महका में कक्षा छठवीं के नवीन पाठ्यपुस्तक हिन्दी (मल्हार) एवं गणित (प्रकाश) विषय पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं के 89 शिक्षक-शिक्षिकाओं को हिन्दी एवं 73 शिक्षक-शिक्षिकाओं को गणित विषय का प्रभावी प्रशिक्षण दिया गया।

शुभारंभ दिवस पर प्रमुख रूप से उपस्थित विकासखंड स्त्रोत समन्वयक विरेन्द्र साहू,हाईस्कूल शिकारी महका के प्राचार्य हरचंद ताराम,व्याख्याता दयालशरण मेश्राम, झिथराटोला के संकुल समन्वयक संजय साहू एवं शिकारीमहका के संकुल समन्वयक संतुराम चौरे ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।संकुल समन्वयक संजय साहू ने नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया तथा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक विरेन्द्र साहू ने प्रशिक्षणार्थी के रूप में उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं से पूरी मनोयोग से तन्मयता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया ।हिन्दी विषय के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में उच्चवर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी एवं प्रधानपाठक सोनकर राम प्रधान तथा गणित विषय के मास्टर ट्रेनर्स के रूप में उच्च वर्ग शिक्षक संदीप पाण्डे एवं घनश्याम साहू ने प्रभावशाली प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षणार्थी के रूप में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित हिन्दी एवं गणित विषय के अलावा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक शिक्षा,कला, साहित्य,योग,पोषण वाटिका, पंचकोश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के प्रारंभ में मास्टर ट्रेनर्स दिनेश कुमार कुरेटी के मार्गदर्शन में सभी प्रशिक्षार्थियों ने नये अंदाज़ में अपना परिचय दिया जो काफी रूचिकर एवं विशिष्ट शैली के रूप में प्रस्तुतिकरण रहा। हिन्दी विषय के प्रशिक्षण के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020,एन.सी. एफ2023-24,समग्र विकास, भाषा शिक्षण के उद्देश्य,भाषा शिक्षण के लक्ष्य एवं प्रकृति,भाषा ज्ञान की प्रकृति, भाषा शिक्षण शास्त्र, भाषा की वर्तमान चुनौतियां, हिन्दी भाषा पढ़ाने की रणनीतियां,लेखन कौशल विकसित करने की रणनीतियां, अच्छी शिक्षा के घटक, अतिरिक्त घटक,प्रभावी भाषा शिक्षण,पार विषयगत शिक्षण,आंकलन एवं मूल्यांकन, व्यावसायिक कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं बहु भाषा शिक्षण पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। चतुर्थ एवं पंचम दिवस को आदर्श पाठ प्रदर्शन किया गया। उदघाटन एवं समापन अवसर का प्रभावशाली संचालन एवं आभार प्रदर्शन दिनेश कुमार कुरेटी ने किया। प्रशिक्षणार्थी जगदीश दास साहू, संजय कुमार बावरे,देवनारायण सहारे, पुरुषोत्तम मोटघरे, कल्पना साहू, रोहित लाटिया, ईश्वर दास मंडावी, रम्हऊ राम चन्द्रवंशी, बेबीता साकरे, सरिता यदु, गायत्री देवी मंडलोई,मोती राम भलेन्द्र, गुंजना देवांगन, रविशंकर मरकाम, विष्णु राम यादव, शेरसिंह परतेती, लिल्हार सिंह कोर्राम एवं पूनाराम साहू आदि सहित प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना, प्रतिवेदन वाचन, प्रेरणा गीत,पाठ प्रदर्शन एवं विचार प्रस्तुत कर प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाया।



## धर्म समाचार....

# कब और क्यों मनाई जाती है जया एकादशी? यहां नोट करें व्रत रखने की सही तिथि




हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन जया एकादशी मनाई जाती है। यह पर्व लक्ष्मी नारायण जी को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भक्ति भाव और विधि-विधान से लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। साथ ही एकादशी का व्रत रखा जाता है। धार्मिक मत है कि जया एकादशी का व्रत करने से साधक को अधोगति (निम्न लोक) से मुक्ति मिलती है। साथ ही घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आती है। इस व्रत को करने से साधक पर लक्ष्मी नारायण जी की कृपा बरसती है। आइए, इस व्रत के बारे में सबकुछ जानते हैं-

**जया एकादशी का महत्व**

सनातन शास्त्रों में जया एकादशी की महिमा का वर्णन विस्तारपूर्वक किया गया है। इस व्रत को करने से व्यक्ति को प्रेत योनि से मुक्ति मिलती है। साथ ही साधक के पितरों को जगत के पालनहार भगवान विष्णु की कृपा से मोक्ष मिलती है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। इस व्रत के महत्व के बारे में भगवान कृष्ण ने धर्मराज युधिष्ठिर को दिया था। इस शुभ अवसर पर मंदिरों में लक्ष्मी नारायण जी की विशेष पूजा की जाती है।

**कब है जया एकादशी ?**

वैदिक पंचांग के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 28 जनवरी को शाम 04 बजकर 35 मिनट पर होगी। वहीं, शुक्ल पक्ष की एकादशी का समापन 29 जनवरी को दोपहर 01 बजकर 55 मिनट पर होगा। इस प्रकार 29 को जया एकादशी मनाई जाएगी। साधक सुविधा अनुसार समय पर स्नान-ध्यान कर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा कर सकते हैं।

**जया एकादशी शुभ योग**

जया एकादशी के दिन भद्रावास और रवि योग का संयोग है। रवि योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से साधक को आरोग्यता का वरदान मिलेगा। साथ ही करियर और कारोबार को नया आयाम मिलेगा। इस शुभ अवसर पर रोहिणी और मृगशिरा नक्षत्र का संयोग है। इन योग में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।

## इस मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन से मिलता है जीत का वरदान, पूरी होती है हर मनोकामना



हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक गुप्त नवरात्र मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर दस महाविद्याओं की देवी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष कार्यों में सिद्धि पाने के लिए व्रत रखा जाता है। तंत्र सीखने वाले साधकों के लिए गुप्त नवरात्र उत्सव समान होता है। धार्मिक मत है कि गुप्त नवरात्र के दौरान दस महाविद्याओं की देवी की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही सभी जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख और संकट दूर हो जाते हैं। अत: भक्तजन नवरात्र के दौरान मां की कठिन भक्ति करते हैं। नवरात्र के दौरान मैया के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्तजन आसपास और प्रसिद्ध मंदिरों की यात्रा करते हैं। अगर आप भी मैया का आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो विजयासन मंदिर की यात्रा कर सकते हैं। आइए, विजयासन मंदिर के बारे में जानते हैं- विजयासन माता की महिमा निराली है। अपने भक्तों पर ममतामयी मां विशेष कृपा बरसाती हैं। उनकी कृपा से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। वहीं, विजयासन माता दुष्टों का संहार करती हैं। देश-दुनिया से भक्तजन माता के दर्शन के लिए मंदिर आते हैं। वहीं, नवरात्र के दौरान मंदिर में भव्य पूजा का आयोजन किया जाता है। यह मंदिर मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के सलकनपुर गांव में एक पहाड़ी पर स्थित है। पहाड़ के शीर्ष स्थल पर विजयासन माता विराजती हैं। माता के दर्शन के लिए भक्तजनों को सैकड़ों सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है। नवरात्र के दौरान विजयासन मंदिर के प्रांगण में मेले का आयोजन किया जाता है। हर साल बड़ी संख्या में भक्तजन मां के दर्शन के लिए सलकनपुर स्थित विजयासन मंदिर आते हैं। कहते हैं कि विजयासन मंदिर में देवी मां के दर्शन से न केवल मनोकामना पूरी होती है, बल्कि शत्रु भय से भी मुक्ति मिलती है। भक्तजन यातायात के सभी साधनों से सीहोर पहुंच सकते हैं। सीहोर में रेलवे स्टेशन है। आप रेल से सीहोर पहुंचकर सड़क मार्ग से सलकनपुर जा सकते हैं। वहीं, सीहोर का निकटतम एयरपोर्ट भोपाल है। इसके साथ ही आप इंदौर होकर भी विजयासन मंदिर जा सकते हैं। भक्तजन देश के किसी कोने से इन दोनों मार्ग के जरिए सलकनपुर पहुंच सकते हैं।

nandgaon times jan-22-3.qxd 1/21/2026 10:52 PM Page 4








# बाबा रामदेव मंदिर में 10 दिवसीय माघ मेले का शुभारंभ

## निखिल - श्याम ने बाबा के भजनों से श्रद्धालु श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध , बाबा रामदेव मंदिर में दिन भर चलता रहा भक्तों का रैला

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर के प्रसिद्ध बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार को परंपरागत 10 दिवसीय माघ मेले की शुरुआत अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच हुई। तड़के सुबह 5 बजे प्रभात फेरी के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रभात फेरी के पश्चात मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इसके बाद दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की निरंतर आवाजाही से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। यह मेला वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार च्बड़ी दूजज्ज् के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

**दो घंटे तक चला बाबा का दुग्धाभिषेक**

शाम के समय बाबा रामदेव का लगभग दो घंटे तक भव्य दुग्धाभिषेक किया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर च्जय बाबा रामदेवज्ज् के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने दूध, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर बाबा से सुख-समृद्धि की कामना की।

**रात में भजनों ने बांधा समां**

रात्रि में आयोजित भक्ति संध्या में निखिलङ्कश्याम की प्रसिद्ध जोड़ी ने बाबा रामदेव के भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूम उठे।



राजस्थानी और लोकभाषा में प्रस्तुत भजनों ने मंदिर परिसर को सुरमयी बना दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त सुंदरकांड गायक पं. गणेश मिश्रा स्वयं उपस्थित रहे। उनके साथ उनके पुत्र एवं भतीजे—निखिल मिश्रा और श्याम शर्मा (निखिलङ्कश्याम जोड़ी) ने प्रस्तुति दी। भक्ति संगीत में सिद्धहस्त गणेश मिश्रा की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा और बढ़ा दी।

**गर्मी और आगामी आयोजनों को लेकर दी जानकारी**

गणेश मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों और संभावित गर्मी को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बाबा की कृपा और मंदिर की परंपराओं पर प्रकाश डाला।

**10 दिनों तक रहेगा भक्तिमय माहौल**

बाबा रामदेव मंदिर में अगले 10 दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा। खास बात यह है कि जो श्रद्धालु साल भर नहीं आ पाते, वे माघ मेले के दौरान विशेष रूप से दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह मेला न सिर्फ आस्था का केंद्र है, बल्कि लोगों के आपसी मिलन और सामाजिक संवाद का भी अवसर बनता है। राजस्थानी भजनों की मधुर, हल्की ध्वनि में डूबा मंदिर परिसर पूरे दिन और रात श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया।

# अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब संचालकों को थमाया नोटिस

## खण्ड चिकित्सा अधिकारी की कार्यवाही

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में निजी संचालित पैथोलॉजी लैब, ब्लड कलेक्शन सेंटर, मेडिकल स्टोर्स का खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण किया। जहां कई खामियां पाई गई । जांच के दौरान एक पैथोलॉजी लैब, सेंटर एवं ब्लड कलेक्शन सेंटर के संचालकों को वैध कागजात नहीं होने के कारण नोटिस थमाकर तत्काल प्रभाव से बंद करने निर्देश जारी किया गया है । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी निर्देश अनुसार छुरिया क्षेत्र के ग्रामों में निजी संचालित पैथोलॉजी लैबों का नर्सिंग होम एक्ट के तहत निरीक्षण किया गया । जिसमें हेमंत क्लिनिक छुरिया, दुर्गा पैथोलॉजी लैब ब्लड कलेक्शन सेंटर शिकारीमहका तथा सिन्हा ब्लड कलेक्शन सेंटर भोलापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान दुर्गा पैथोलॉजी लैब शिकारीमहका एवं सिन्हा ब्लड कलेक्शन सेंटर भोलापुर के संचालकों के पास पर्याप्त दस्तावेज एसओपी के अनुरूप लैब संचालित नहीं होने के कारण तत्काल संचालकों को नोटिस थमाकर संचालित लैब को बंद करने निर्देश जारी किया गया है । इस कार्यवाही में डॉ.ओमेश भगत खण्ड चिकित्सा अधिकारी छुरिया, रोशन कुमार नांदेश्वर कार्यक्रम प्रबंधक, शैलेन्द्र कुमार वर्मा फार्मासिस्ट, एवं उनके साथ रमेश पटेल थाना प्रभारी छुरिया उपस्थित थे ।



# डूमरडीह में भव्य हिन्दू सम्मेलन कल , एवं भागवत कथा प्रारंभ

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लाक मुख्यालय छुरिया से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित स्वच्छ एवं आदर्श ग्राम डूमरडीह में कल विशाल हिन्दू सम्मेलन, तथा दिनांक 22 से 30 जनवरी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, जिसमे पंडित श्री लोकेश जी महाराज लाल बहादुर नगर की मुखारविंद से, भागवत कथा के पावन प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 जनवरी 2026, गुरुवार को प्रात: 10:30 बजे कथा स्थल से शीतला मंदिर तक कलश यात्रा के साथ होगा। इसी दिन बेदी पूजा एवं गौकर्णी आख्यान का आयोजन किया जाएगा। कथा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्रद्धालु भागवत कथा व्यास के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर सकेंगे। कार्यक्रम विवरण इस प्रकार है— 23 जनवरी (शुक्रवार): परीक्षित जन्म, वराह अवतार 24 जनवरी (शनिवार): ध्रुव चरित्र, जड़ भरत आख्यान 25 जनवरी (रविवार): अजामिल कथा, प्रह्लाद चरित्र 26 जनवरी (सोमवार): गजेंद्र मोक्ष, कृष्ण जन्म उत्सव 27 जनवरी (मंगलवार): कृष्ण बाल लीला, रुक्मणी विवाह 28 जनवरी (बुधवार): स्यमंतक मणि, सुदामा चरित्र 29 जनवरी (गुरुवार): परीक्षित मोक्ष 30 जनवरी (शुक्रवार): गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति एवं नगर भ्रमण सम्मेलन के अवसर पर प्रथम एवं अंतिम दिवस भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक समस्त ग्रामवासी डूमरडीह हैं, जिन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# नेशनल जैनिज्म फिलेटलिक सोसाइटी के नव निर्वाचित अध्यक्ष और महासचिव का युगांतर में हुआ भव्य स्वागत

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नेशनल जैनिज्म फिलेटलिक सोसाइटी के नव निर्वाचित अध्यक्ष महावीर कुन्दूर हुबली कर्नाटक, महासचिव तेजकरण जैन राजनांदगाँव एवं निवृत्तमान अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप जैन बालोद के स्वागत में युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगाँव द्वारा स्वागत भोज का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि डाक सामग्रियों की प्रदर्शनियों के माध्यम से जैन धर्म के उद्देश्यों के प्रचार प्रसार हेतु 2011 में गठित इस सोसाइटी का दो दिनी सम्मेलन श्री केवल्यधाम जैन श्वेताम्बर महातीर्थ में आयोजित था, जिसमें भारत के 10 राज्यों के 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दूसरे दिन तीर्थ यात्रा की समाप्ति के साथ पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। नगर के सुपरिचित तेजकरण जैन के महासचिव नियुक्त होने पर उनका भी विशेष स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।











# CEIR पोर्टल से मिली बड़ी सफलता, बसंतपुर पुलिस ने 12 गुम मोबाइल खोजकर लौटाए

## मोबाइल धारकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान, पुलिस की कार्यवाही की सराहना

**राजनांदगाँव (नांदगाँव टाइम्स ) ।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगाँव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिले में गुम हुए मोबाइल फोनों की लगातार पतासाजी कर उन्हें उनके वास्तविक धारकों को लौटाने का अभियान सफलतापूर्वक जारी है। इसी कड़ी में थाना बसंतपुर पुलिस ने CEIR पोर्टल के माध्यम से 12 गुम मोबाइल फोन खोजकर मोबाइल धारकों को वापस कर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगाँव पुलिस द्वारा विभिन्न कंपनियों के कुल 12 नग गुम मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये है, को सफलतापूर्वक खोजकर बरामद किया गया। दिनांक 21 जनवरी 2026 को थाना प्रभारी बसंतपुर द्वारा थाना परिसर में सभी बरामद मोबाइल संबंधित प्रार्थीगणों को विधिवत सुपुर्द किए गए। अपने-अपने गुम मोबाइल वापस मिलने पर प्रार्थीगणों ने जिला पुलिस राजनांदगाँव एवं थाना बसंतपुर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की तत्परता और कार्यकुशलता की सराहना की। इस कार्यवाही को माननीय पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के निर्देशन में अंजाम दिया गया। निरीक्षक एमन साहू, थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में गुम मोबाइल पतासाजी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को कोई गुम मोबाइल फोन प्राप्त होता है, तो उसका दुरुपयोग न करते हुए तत्काल नजदीकी थाना में जमा कराएं। साथ ही बताया गया कि आगे भी थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा गुम मोबाइल की पतासाजी का कार्य निरंतर जारी रहेगा। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू (थाना प्रभारी बसंतपुर), सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक भुनेश्वर जायसी की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर थाना स्टाफ उपस्थित रहा।



# शासन द्वारा आबंटित भूमि को बिक्री करने की शिकायत

## कार्रवाई नहीं हुई तो वार्डवासी करेंगे अनशन.

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वार्ड क्रमांक 21 व 22 रामकृष्ण कॉलोनी बंगाली पारा वासियों ने डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष शासन द्वारा आवंटित भूमि को गलत तरीके से बिक्री करने वालो पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। वार्ड के बड़ी संख्या में लोग जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं एसडीएम कार्यालय पहुंच शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया गया कि कई वर्ष पूर्व शासन प्रशासन द्वारा रामकृष्ण कॉलोनी बंगाली पारा के 16 निवासियों को निवास के लिए भूमि आबंटित की गई थी। तत्कालीन भारत व वर्तमान बांग्लादेश से शरणार्थी के रूप में यहां आकर बसे लोगों को सरकार ने सहारा दिया था। बताया गया कि सरकार ने जमीन तो आबंटित की थी किंतु उसके स्वामित्व का पर्चा पट्टा अभी तक नहीं दिया गया है। फिर भी इन्हीं परिवारों में से एक रंजन चक्रवर्ती जो डोंगरगढ़ छोड़कर भिलाई में बस गए हैं शासन द्वारा आबंटित भूमि को किसी दूसरे व्यक्ति को पैसे के लालच में बेच देना चाहते हैं और एक स्थानीय नेता उसमें दलाली कमाने के उद्देश्य से उनकी मदद कर रहे हैं। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि मोहल्ले के बीचों-बीच स्थित मकान को यदि नियम विरुद्ध बेचा गया तो मोहल्ले वासियों को आमरण अनशन कर सड़क पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि थाना प्रभारी एसडीओपी पुलिस अधीक्षक व जिलाधीश को भी दी गई है तथा तत्काल कार्रवाई की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञातव्य है कि बंगाली पारा में बांग्लादेश से विस्थापित हुए शरणार्थी आकर बसे हैं जो बंगाली है और पूर्णतया हिंदू है। अब शासकीय जमीन को जिस पर वे बसे हैं किसी अन्य धर्म के व्यक्ति के लिए वहां पर गलत तरीके से जमीन व मकान बेचने के खिलाफ एकजुट है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी श्री भार्गव ने लोगों को सरकारी जमीन बेचने वाले के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं दूसरी ओर शहर में अन्य कई वार्डो में इस तरह सरकार द्वारा आवंटित जमीन को बेचने का धंधा जोरों पर है जिस पर तत्काल रोक लगाने की मांग स्थानीय नागरिकों ने की है।



# भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पर 11 दीपक घर के सामने जलाये : संतोष पाटक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने संस्कारधानी राजनांदगांव के सभी धार्मिक व सामाजिक सनातनी भाइयों माता बहनोंसे सादर अनुरोध किया है कि वह श्याम के 6:00 बजे अपने अपने घरों में 11 दीपक घर के सामने जलाकर इस शुभ अवसर व शुभ दिन का धर्म लाभ लेवे।



# जगतगुरू शंकराचार्य को स्नान से रोकना भाजपा का हिंदू - विरोधी चरित्र : कांग्रेस

## शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान – जिला कांग्रेस

**राजनांदगाँव (नांदगाँव टाइम्स)** । राजनांदगाँव जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को प्रेस क्लब राजनांदगाँव में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रयागराज माघ मेले के दौरान जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ कथित दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की। कांग्रेस नेताओं ने इसे भाजपा सरकार का हिंदू-विरोधी और सनातन परंपराओं का अपमान करार दिया।

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से मौनी अमावस्या के शाही स्नान में सम्मिलित होते रहे हैं, लेकिन यह पहली बार है जब उन्हें इस सदियों पुरानी अखंड धार्मिक परंपरा से जबरन रोका गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह सनातन धर्म पर सीधा हमला है।

कांग्रेस ने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान सदियों पुरानी परंपरा है, जिसमें न मुगलों ने हस्तक्षेप किया और न ही अंग्रेजों ने, लेकिन भाजपा सरकार ने इस परंपरा को रोकने का दुस्साहस किया। यह सरकार की मानसिकता और संवेदनहीनता को उजागर करता है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और वे पिछले 36 घंटों से अनशन पर बैठे हैं, बावजूद इसके सरकार की ओर से उनसे संवाद का कोई प्रयास नहीं किया गया। यह भाजपा सरकार की अहंकारी और तानाशाही कार्यशैली को दर्शाता है।



पत्रकार वार्ता में शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने आरोप लगाया गया कि शंकराचार्य के शिष्यों के साथ मारपीट की गई, उन्हें बाल पकड़कर घसीटा गया और पालकी में जाने तक की अनुमति नहीं दी गई। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जो सरकार स्वयं को हिंदुओं की हितैषी बताती है, वही आज संतों और सनातन परंपराओं का अपमान क्यों कर रही है।

कांग्रेस ने यह भी सवाल उठाया कि जब आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जा सकती है, तो फिर शंकराचार्य और उनके अनुयायियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया? क्या अब मोहन भागवत, शंकराचार्य से भी बड़े हो गए हैं?

कांग्रेस का आरोप है कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का च्अपराधज् सिर्फ इतना है कि वे सरकार की अव्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हैं, अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, महाकुंभ की अव्यवस्थाएं और कोविड काल में गंगा में तैरती लाशों जैसे मुद्दों को उठाते रहे हैं। इसी कारण भाजपा सरकार उन्हें निशाना बना रही है।कांग्रेस ने मांग की कि शंकराचार्य से तत्काल सम्मानजनक संवाद किया जाए, सनातन परंपराओं का पालन सुनिश्चित किया जाए और इस पूरे मामले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, कांग्रेस नेता राहुल शर्मा, सूर्यकांत जैन, प्रेम रुचंदानी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता इकरामुद्दीन सोलंकी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com